FORM No. III

फर्द अहकाम

(नियम 15)

अज अदालत संभागीय आयुक्त, उदयपुर (राज0)

श्रीमती मांगीबाई व अन्य	**बनाम**	**श्री लोगर गमेती व अन्य**

किस्म मुकदमा अपील संख्या–**57/2019** (**GCMS/2019/00077**)

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनीशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए	
04.11.2020	आज दिनांक 04.11.2020 को प्रश्नगत अपील के अधिवक्ता अपीलार्थी उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र बाबत अपील विड्रो का प्रस्तुत कर अत्यावश्यक कारणों से पत्रावली सिगह से तलब किये जाने का अनुरोध किया गया। उक्त प्रकरण में पेशी दिनांक 15.12.2020 को नियत है। उपस्थित अधिवक्ता के निवेदन पर पत्रावली सिगह से आज तलब की गई। अपीलार्थी अधिवक्ता द्वारा प्रार्थना पत्र दिनांक 04.11.2020 बाबत अपील विड्रो करने हेतु प्रस्तुत कर निवेदन किया कि अपीलार्थी उक्त प्रकरण में आगे कोई कार्यवाही नहीं करना चाहते है, इसलिए उक्त प्रकरण/अपील को इसी स्तर पर विड्रो किए जाने का अनुरोध किया है। अधिवक्ता अपीलार्थी द्वारा अपील इसी स्तर पर विड्रो किये जाने का निवेदन किया और वह अपील को आगे नहीं चलाना चाहते है। यहा अपीलार्थी द्वारा न्यायालय हाजा को समाधानप्रद रूप से यह साबित कर दिया गया है कि अपीलार्थी हस्तगत अपील में आगे कोई कार्यवाही नहीं चाहते है। अतः प्रार्थना पत्र बाबत अपील विड्रो करने हेतु स्वीकार किया जाता है। आदेश सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो।		